## एक नजर में

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन ने ज्ञापन सौपा



इंदौर . ऑल इंडिया पेंशनर फेडरेशन गाजियाबाद ,नई दिल्ली एवं वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन, मध्य प्रदेश भोपाल के संयुक्त आव्हान पर पेंशनरों की विभिन्न मांगों के निराकरण के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिला कलेक्टर एवं संभाग आयुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया . संभागीय अध्यक्ष राजेश कुमार जोशी एवं जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि पेंशनरों की वाज़िब लंबित मांगों के निराकरण में प्रदेश सरकार की लगातार अनदेखी से आक्रोशित हो वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया पेंशनर फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे के आव्हान पर प्रदेशभर पेंशनरों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौपा गया . इसी कड़ी में इंदौर में संभागायुक्त कार्यालय अधीक्षक बीएस चौहान एवं कलेक्टर कार्यालय पर कलेक्टर की ओर से नायब तहसीलदार देवेंद्र कछावा ने ज्ञापन प्राप्त किया . कई मांगों के समर्थन में प्रदेश भर के पेंशनरों ने शांतिपूर्ण रैली, धरना -प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा . ज्ञापन का वाचन प्रांतीय संगठन सचिव बीसी जैन ने किया . पेंशनर गांधी हॉल प्रांगण में एकत्रित होकर संभाग आयुक्त कार्यालय एवं जिला कलेक्टर कार्यालय शांतिपूर्वक रैली निकाल कर पहुंचे थे . ज्ञापन में बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए जिसमें कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, सम्भागीय अध्यक्ष राजेश जोशी ,इंदौर जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उमा हार्डिया, प्रांतीय संगठन मंत्री कमला द्विवेदी, इंदौर संभाग प्रभारी रामचंद्र दुबे, प्रान्तीय प्रिंट मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला,आदि बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे . यह जानकारी प्रांतीय मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने दी .

### निशुल्क बायोडेटा सम्मेलन को प्रतिसाद



इंदौर . श्री अग्रसेन महासभा द्वारा अग्रवाल एवं वैश्य समाज के विवाह योग युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक रिश्ते तय कराने के उद्देश्य से यशवंत निवास रोड स्थित महासभा के ओएशिस ट्रेड सेंटर स्थित कार्यालय पर प्रति रविवार आयोजित किए जाने वाले साप्ताहिक बायोडेटा सम्मेलन को जबर्दस्त प्रतिसाद मिल रहा है . प्रमुख संयोजक मोहनलाल बंसल और उनकी टीम के सदस्य पिछले 15 वर्षो से लगातार यह बायोडेटा सम्मेलन कर रहे हैं, जिसमें अविवाहित युवक-युवतियों के साथ ही विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा प्रत्याशियों के लिए जीवन साथी के चयन में मदद की जा रही है . महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, मंत्री राजेश मित्तल चौधरी एवं अरुण आष्टावाला ने बताया कि साप्ताहिक बायोडेटा सम्मेलन की लोकप्रियता अब शहर की सीमा लांघकर मध्यप्रदेश के अन्य शहरों, छग, महाराष्ट्र, राजस्थान के शहरों तक जा पहुंची है . यही नहीं कार्यालय पर युवक-युवतियों के लिए व्यक्तिगत मुलाकात के भी प्रबंध किए जा रहे हैं । महासभा के सतीश मंगल, संजय पाटनी, समाजसेवी ओमप्रकाश गर्ग कोयलेवाले, भावना अग्रवाल, श्याम बाबू बंसल सहित अनेक प्रमुख बंधु दोनों पक्षों को मिलवाने में पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं . अग्रसेन महासभा प्रदेश में अपने किस्म की पहली ऐसी संस्था है, जो अग्रवाल-वैश्य प्रत्याशियों के रिश्ते तय कराने में बिना किसी शुल्क के पूरा सहयोग प्रदान कर रही है . इस बायोडेटा सम्मेलन से अब तक 5 हजार से अधिक अभिभावक लाभांवित हो चुके हैं ।

### कार शोरूम पर फर्जीवाड़े का आरोप

देपालपुर. देपालपुर में स्थित निजी कार शोरूम पर एक ग्राहक ने बड़ा धोखाधड़ी का आरोप लगाया है . देपालपुर निवासी लोकेश पिता जगदीश पवाँर ने देपालपुर थाने में शिकायती आवेदन देकर बताया कि उसने 26 फरवरी 2025 को बेटमा मार्ग स्थित शो रूम से चारपहिया वाहन खरीदा था, परन्तु शोरूम द्वारा न तो उसे इच्छानुसार वाहन का नंबर दिलवाया गया और न ही आज तक उसके वाहन के कोई कागज़ दिए गए हैं . लोकेश पवाँर ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने दिसंबर 2024 में ही वाहन की बुकिंग कर ली थी और बुकिंग के समय शोरूम के विक्रय सहायक अजय कायस्थ और गौरव पटेल और प्रमोद चौधरी जनरल मैनेजर , विजय मिश्रा सेल्स मैनेजर को स्पष्ट कह दिया था कि उसे अपनी गाड़ी के लिए एमपी 13 जेड एल 1212 अंक चाहिए . शोरूम के कर्मचारियों ने भरोसा दिलाया था कि वे उसे यही अंक आवंटित करवाएँगे . मैंने पैसे भी जमा करवा दिए थे . बाद में पता चला दूसरा नंब मिल गया है . चार महीने बीत जाने पर भी लोकेश को न तो उसके वाहन का पंजीयन प्रमाण-पत्र (आरसी कार्ड) मिला और न ही अंक-पट्टिका (नंबर प्लेट) । दस्तावेज़ों के अभाव में कई बार पुलिस द्वारा उसका चालान काटा जा चुका है, जिससे उसे आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है . लोकेश का आरोप है कि अजय कायस्थ और शोरूम प्रबंधन ने मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी की है और उसे फर्जी वाहन बेच दिया गया है । अब वह पुलिस से माँग कर रहा है कि उसे उसके वाहन का वास्तविक अंक एमपी 13 जेड एल 1212 दिलवाया जाए . लोकेश ने अपनी शिकायत के साथ पंद्रह हजार रुपए की चॉइस अंक की पर्ची, वाहन की खरीद-फरोख्त सम्बन्धी लिखित दस्तावेज़ तथा वाहन आवेदन क्रमांक की प्रतिलिपियाँ पुलिस को सौंपी हैं . थाना प्रभारी देपालपुर ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है । दस्तावेजों की जाँच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी . उधर शोरूम, देपालपुर के जिम्मेदारों से सम्पर्क की कोशिश की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका .

### आज ग्यारह हजार पार्थिव शिवलिंग का पूजन

इंदौर . श्रावण मास के उपलक्ष्य में नर्मदादेवी सांवलराम मित्तल धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट के तत्वावधान में पिछले 23 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुरूवार, 17 जुलाई को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर में इंदौर के सैकड़ों समाजबंधु एवं श्रद्धालु आदिवासी समाज धर्मशाला पर 11 हजार पार्थिव शिवलिंग के निर्माण, दर्शन, पूजन एवं अभिषेक के अनुष्ठान में शामिल होंगे . अनुष्ठान के प्रमुख महेश मित्तल ने बताया कि आमंत्रित भक्तों के लिए कार्यक्रम स्थल पर सुबह स्वल्पाहार से लेकर देर रात तक भोजन एवं अन्य सुविधाओं के प्रबंध भी किए गए हैं । मित्तल परिवार की ओर से पिछले 23 वर्षों से श्रावण मास में इस तरह का अनुष्ठान प्रतिवर्ष आयोजित होते जा रहा है . इस बार भी सभी श्रद्धालु 17 जुलाई को सुबह बसों एवं निजी वाहनों से ओंकारेश्वर के लिए रवाना होंगे . परिवार को महेश-संतोष मित्तल, सुरेन्द्र-रेखा मित्तल, दिनेश-अनिता मित्तल एवं विशाल-रचना मित्तल इस अनुष्ठान के संयोजक मनोनीत किए गए हैं .

### विहर्ष सागर ससंघ का वर्षा योग 20 को



इंदौर . गणाचार्य विराग सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य राष्ट्र संत श्री विहर्ष सागर जी महाराज ससंघ का 2025 का चातुर्मास सलूंबर, मेवाड़, (राजस्थान) में होने जा रहा है . दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा एवं चातुर्मास मंगल कलश स्थापना जैन बोर्डिंग चुंगी नाका पर रविवार , 20 जुलाई को दोपहर 12 .35 बजे होगी . इस समय संघ में कुल तेरह साधु व आर्यिका माताएं हैं . सतीश जैन ने बताया कि इस महोत्सव में देश भर से समाज श्रेष्ठी व समाजजन सलूंबर पहुंचेंगे । इसी श्रृंखला में इंदौर नगर से भी सैकड़ो की संख्या में गुरु भक्त कारों व बसों से वहां पहुंचकर पुण्य लाभ लेंगे .

### उधारी मांगने पर बोतल मारकर सिर फोड़ा

इंदौर . गांधी नगर थाना क्षेत्र में घटना नैनोद मल्टी के नीचे स्थित एक खाली मैदान की है . पीड़ित रोहित पिता गणेश रायपुरे की शिकायत पर दो युवकों सुमित और दीपा के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है . रोहित ने पुलिस को बताया कि वह सुमित से कुछ समय पहले उधार में दिए गए रुपए वापस मांग रहा था . इसी दौरान सुमित के साथ बैठा उसका दोस्त दीपा बीच में टोकने लगा और बोला किस बात के पैसे इस पर रोहित ने कहा कि वह पैसे सुमित से मांग रहा है, इसमें दीपा का कोई लेना देना नहीं . इतना सुनते ही दीपा गाली गलौज करने लगा . जब रोहित ने उसे गालियां देने से रोका, तो उसने अचानक बीयर की बोतल उठाकर रोहित के सिर पर मार दी . हमले में उसके सिर से खून बहने लगा . पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है . घायल युवक के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है .

# 109 करोड़ की सड़क छह माह में उधड़ी, फ्लायओवर भी जर्जर

## ट्रक ऑपरेटरों ने केंद्रीय मंत्री को भेजा शिकायत-पत्र

**ट्रांसपोर्टर्स ने की गडकरी से जांच की मांग**

**इंदौर बॉम्बे रोड की घटिया सड़कों पर उठे सवाल**



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर की बहुप्रतीक्षित और करोड़ों की लागत से बनी सड़कें और फ्लायओवर पहली ही बारिश में बर्बादी की गवाही दे रहे हैं. महज छह महीने पहले तैयार हुए गणेश घाट मार्ग, राऊ फ्लायओवर और इंदौर-बायपास जैसे अहम रूट आज गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं. हालात इतने बदतर हैं कि ट्रक ऑपरेटरों और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को अब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से हस्तक्षेप की गुहार लगानी पड़ी है.**

इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सी एल मुकाती ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को एक विस्तारपूर्वक पत्र भेजकर भ्रष्टाचार, लापरवाही और घटिया निर्माण कार्यों की जांच कराने की मांग की है. उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि हाल ही में बने तीन प्रमुख मार्ग 109 करोड़ की लागत से 8.8 किमी लंबा गणेश घाट रोड, 43 करोड़ की लागत से बना 1.2 किमी राऊ सर्किल फ्लायओवर और इंदौर-बायपास से देवास तक की सड़क सभी पहली बारिश में बुरी तरह टूट चुके हैं.

गणेश घाट मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं. राऊ फ्लायओवर की सड़कों में दरारें और टूट-फूट की स्थिति है, वहीं इंदौर-बायपास मार्ग मात्र 8 इंच बारिश में ही चकनाचूर हो चुका है.

मुकाती के अनुसार, इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, और खराब सड़कों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं. ट्रक और अन्य भारी वाहनों के टायर, सस्पेंशन और स्प्रिंग बार-बार टूट रहे हैं, जिससे लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है. पत्र में यह भी कहा गया है कि ट्रांसपोर्टर्स और आम नागरिक नियमित टोल टैक्स अदा कर रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें खस्ताहाल सड़कों की सजा भुगतनी पड़ रही है. यह स्थिति सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि जनधन के दुरुपयोग और संभवत: बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार का प्रमाण भी है. ट्रांसपोर्ट संगठन ने केंद्रीय मंत्री से अपील की है कि इन परियोजनाओं की स्वतंत्र तकनीकी जांच करवाई जाए, दोषियों चाहे वे सरकारी अफसर हों या निर्माण एजेंसियां के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, और सड़क मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर पुन: शुरू कराया जाए.

**मुख्यमंत्री को भी भेजी गई प्रतिलिपि**

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकाती ने पत्र की एक प्रतिलिपि मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी भेजी है, ताकि राज्य स्तर पर भी संज्ञान लिया जा सके .

# नशे से बचाव की मुहिम स्कूलों से शुरू

## बच्चों ने ली नशा न करने की शपथ

**इंदौर. युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखने के लिए विजयनगर पुलिस ने नशामुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी की शुरुआत स्कूली बच्चों और कोचिंग संस्थानों से की है.**

थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने अपनी टीम के साथ बेस्ट सॉल्यूशन कोचिंग संस्था पहुंचकर छात्रों और शिक्षकों को नशे से होने वाले नुकसानों की जानकारी दी और नशा न करने की शपथ दिलाई. इस अवसर पर करीब 80 से 100 विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद थे.

थाना प्रभारी पटेल ने बच्चों को सरल और रोचक अंदाज़ में समझाया कि किस तरह नशा धीरे-धीरे व्यक्ति की आदत और फिर लत बन जाता है, जिससे जीवन और परिवार दोनों प्रभावित होते हैं. उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की चपेट में है तो उसे जागरूक कर नशा छोड़वाने की कोशिश भी समाज की जिम्मेदारी है.

पुलिस और छात्रों ने मिलकर एक स्वर में नारा भी लगाया नशा करता है आदत खराब, मिलकर करो इसका बहिष्कार इस दौरान बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास साफ नज़र आया और उन्होंने भी इस अभियान का हिस्सा बनने का संकल्प लिया.




# समय पर ओपीडी नहीं पहुंचते डॉक्टर



**महू.** स्वर्गीय भेरुलाल पाटीदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हासलपुर में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की अनदेखी के चलते फिर अस्पताल का स्वास्थ खराब चल रहा है. डाक्टरों की ऐसी लापरवाही के सुबह 9 बजे ओपीडी समय शुरू होने वाले अस्पताल में 11.30 बजे तक डाक्टर नहीं पहुंच रहें हैं. वहीं शाम को 5 से 6 ओपीडी समय रहता है. उस दौरान भी वहा ताला लगा मिलता है अस्पताल प्रभारी की मनमानी के चलतें मरीज परेशान होते रहते हैं.

34 गांव लगने वाले इस स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाली को लेकर जनप्रतिनिधि भी मौन बैठे हैं लोगों के स्वास्थ्य की चिंता उनको भी नहीं है वही स्वास्थ्य विभाग के बडे अधिकारी की भी मिलीभगत चल रही है. जिसके कारण डाक्टर व स्टाफ बेखोफ अपने मन मुताबिक समय पर अस्पताल आ जा रहें हैं. अस्पताल प्रभारी विमल कुमार मंदावडे की लापरवाही आम हो चुकी है यहा अस्पताल में एक डॉक्टर को रात्रि रुकने का भी नियम है मगर रात्रि रुकना तो दुर दिन में ही ओपीडी के समय उपलब्ध नहीं रहते हैं. वहीं इस आलम की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के बड़े बड़े अधिकारियों तक है मगर वरिष्ठ अधिकारी के आशीर्वाद के चलतें डाक्टरों की मनमानी जारी है. इतनी लापरवाही है की गर्भवती महिलाएं घंटों डाक्टरों के इंतजार में बिताते हैं तब जाकर डाक्टर आते हैं. प्रसूति के लिए निजी अस्पताल में जाना पड़ता है. हासलपुर अस्पताल के डाक्टरों की निजी अस्पतालों से सांठगांठ है जिसके चलते अधिकतम लोगों को मजबुरन निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है.

# खुले में खाद्य पदार्थ विक्रय करने वालों पर करें कार्रवाई

- संभागायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- मिलावट को लेकर संभागीय बैठक आयोजित



**इंदौर. संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में आज समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई.**

बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शॉजी जोसेफ, उप संचालक डॉ. सोनिया शिल्पा लाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, कीट विज्ञानी सी.एस. शर्मा, संभागीय समन्वयक मोनिका मण्डलोई सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो खाद्य प्रतिष्ठान विशेषकर खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने वाले खुले में खाद्य पदार्थों की ब्रिकी करें, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये. ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाये और उनकी शत-प्रतिशत वसूली भी की जाये. साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान फल, ढाबों, रेस्ट्रोरेंट, ठह्यलों इत्यादि का सतत निरीक्षण कर लीगल/सर्विलांस नमूनों का संग्रहण किया जाये.

**छात्रावासों की निगरानी करें**

संभागायुक्त ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि फूड पायजनिंग के मामले छात्रावासों और आश्रमों में न आएं. इसके लिए जरूरी है कि जनजाति कार्य विभाग से सूची बनाकर विशेष रूप से इनकी निगरानी करें . इस कार्य को सभी अधिकारी गंभीरता से लें और मिशन मोड़ में कार्य करें और आवश्यकता होने पर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें . छात्रावास व आश्रमों में फूड पायजनिंग रोकने के लिए संयुक्त दल बनेंगे .

**अधिकारी बाजार से नमूने लें**

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि आने वाले महीनों में कई पर्व, उत्सव और त्यौहार है, ऐसे अवसरों पर बड़ी संख्या में दूध, बेसन, मावा, तेल आदि से बने खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय होता है. इस त्यौहारी सीजन में नकली मावा और मिलावटी खाद्य पदार्थों के कई प्रकरण देखने को मिलते है. अत: खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाजारों में जाकर खाद्य पदार्थों के नमूने ले और चलित खाद्य प्रयोगशाला में जांच करायें. यदि वे अमानक या मिलावटी पाये जाते है, तो ऐसे निर्माता प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाये.

# ढाबों व गांवों में एकसाथ आबकारी टीम की कार्रवाई

## 75 मामले दर्ज, 1900 किलो महुआ लाहन और शराब बरामद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए आबकारी विभाग ने बीते एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. अभियान के तहत जिलेभर में छापामार कार्रवाई करते हुए 75 प्रकरण दर्ज किए. कार्रवाई के दौरान 311 लीटर देशी विदेशी शराब, करीब 1900 किलो महुआ लाहन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है, जब्त सामग्री की कीमत लगभग 3.5 लाख रुपए बताई जा रही है .




जिला उड़नदस्ता प्रभारी देवेश चतुर्वेदी और कंट्रोल रूम प्रभारी मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई इंदौर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कई ढाबों व बस्तियों में की गई. टीमों ने निरंजनपुर, बजरंग नगर, राऊ बायपास स्थित बल्ले-बल्ले ढाबा, राजा ढाबा, हातोद स्थित निहारिका ढाबा, रंगवासा, बिजलपुर, अपना पंजाबी ढाबा, वीर द महफिल, परदेशीपुरा स्थित आशियाना ढाबा, माणिक बाग, सोलसिंदा, अजनोद, मानपुर और तिल्लौर खुर्द जैसे क्षेत्रों में दबिश दी. अभियान के दौरान विनायक, रामस्वरूप, सिद्धांत, सागर, कमल, राजेश, सुशील, गोविंद, प्रेमचंद, अजय, लीलाबाई, गुरमीत, जसविंदर, फूलसिंह, नीतीश, रवि और मोंटी के साथ ही 50 से अधिक आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए. मामले में आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा. विभाग की टीमें नियमित रूप से क्षेत्रों में भ्रमण कर निगरानी बनाए रखेंगी और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# छात्रों, कुलियों, यात्रियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** मध्यप्रदेश पुलिस के 15 दिवसीय नशे से दूरी है जरूरी अभियान के दूसरे दिन रेल पुलिस इंदौर ने रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए. जीआरपी टीमों ने स्टेशन के पास स्थित स्कूलों, कोचिंग सेंटरों व ट्रेनों में जाकर छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया.

इस दौरान छात्रों को रील्स, शॉर्ट वीडियो और पंपलेट्स दिखाकर समझाया कि नशा कैसे युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देता है. सोशल मीडिया और इंटरनेट की दिखावटी दुनिया में फंसकर कई युवा नशे की गिरफ्त में आते हैं, जिससे न केवल उनका स्वास्थ्य और मनोबल गिरता है, बल्कि कई बार जानलेवा हालात भी बन जाते हैं. इस मौके पर छात्रों ने अपने विचार साझा किए और सामूहिक रूप से नशा न करने की शपथ भी ली. रेलवे स्टेशनों पर कुलियों, ऑटो चालकों, सफाईकर्मियों, रेल सुरक्षा समिति के सदस्यों और यात्रियों को भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया. बैनर, पंपलेट, रील्स और वीडियो के जरिए नशामुक्त समाज का संदेश फैलाया और सभी को शपथ दिलाई गई कि वे खुद भी नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे, यह अभियान 15 दिनों तक चलेगा.




# मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

## संभागायुक्त ने दिये निर्देश

इंदौर. संभागायुक्त दीपक सिंह ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के सीजन में मौसम बीमारियों से बचाव और उनकी रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाकर निश्चित समयसीमा में कार्य किये जाये.

संभागायुक्त श्री सिंह आज संभागायुक्त कार्यालय में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के संबंध में संभागीय बैठक की समीक्षा कर रहे थे. बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस.रणदा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शॉजी जोसेफ, उप संचालक श्रीमती डॉ. सोनिया शिल्पा लाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, कीट विज्ञानी श्री सी.एस. शर्मा, संभागीय समन्वयक श्रीमती मोनिका मण्डलोई सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इस मौसम में जलजनित बीमारियां, डायरिया, डिसेंटरी, कॉलरा, उल्टी-दस्त, टायफाइड, वोमेटिंग डायरिया, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां आदि बीमारियों के मरीज बढ़ने की संभावना अधिक रहती है. अत: इसके बचाव एवं रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं एवं उपाय सुनिश्चित किया जाये. जैसे जिलास्तर एवं ब्लॉक स्तरीय कॉम्बेट टीम को सक्रिय किया जाये.

**धर्म** | नरसिंह वाटिका में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में सिद्धि तप आराधना में शामिल हुए 110

# सत्संग से जीवन को ऊंचाइयों की ओर ले जाना ही धन्यता : विश्वरत्न सागर

इंदौर. जीवन में धन्यता प्राप्ति के लिए भगवान महावीर स्वामी ने अपने अंतिम ग्रंथ उत्तराध्ययन सूत्र में पांच ऐसे मंत्र बताए हैं, जिन पर चलकर हम न केवल अपने बल्कि दूसरों के जीवन को भी संवार सकते हैं. इस ग्रंथ में जीवन में व्यक्ति को होश में रहते हुए, भाषा पर संयम रखते हुए, असत्य और दूसरों की भावना को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों से दूर रहने, शुद्ध आहार करने और अपने उठने-बैठने जैसे व्यवहार में सावधानी बरतने के सूत्र बताए गए हैं. गुरू के सानिध्य में रहते हुए सत्संग के माध्यम से अपने जीवन को ऊंचाइयों की ओर ले जाने का नाम ही जीवन की धन्यता है.

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट जैनाचार्य विश्वरत्न सागर के, जो उन्होंने बुधवार को अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के तत्वावधान में एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में उत्तराध्ययन सूत्र की विवेचना के दौरान व्यक्त किए. इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से पुण्यपाल सुराना, ललित सी. जैन, कैलाश नाहर एवं मनीष सुराना ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की. लाभार्थी परिवारों का बहुमान प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की पावन निश्रा में पारसमल बोहरा, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल आदि ने किया. धर्मसभा में शेखर गेलड़ा, दिलीप मंडोवरा एवं भरत कोठारी सहित विभिन्न समाजबंधु अनेक व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान कर रहे हैं. धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर ने भी संबोधित किया .

### सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार आएंगे

गणिवर्य ने समाज के प्रतिभावान युवकों का आव्हान किया कि वे शनिवार, 19 जुलाई को देश के महान शिक्षाविद और गणितज्ञ सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार के सानिध्य में अपने कैरियर एवं जीवन को सुधारने, संवारने का मार्गदर्शन अवश्य प्राप्त करेंगे. आनंद कुमार बिहार के पटना में सुपर-30 नाम से एक संस्थान चलाते हैं, जिसमें गरीब छात्रों को आईआईटी की निशुल्क कोचिंग देते हैं.

